बाराबंकी की ग्राम पंचायत सिधयावाँ अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन द्वारा सम्मानित

चर्चा में क्यों?

14 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बाराबंकी ज़िले की ग्राम पंचायत सिधयावाँ को अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन-आईएसओ द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- करीब पांच हजार की आबादी वाले ग्राम पंचायत सिधयावाँ की ग्राम प्रधान हेमलता सिंह के प्रयासों से कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प किया गया जिसके लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार मिला।
- विदित हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में भी ज़िले के नंबर एक ग्राम पंचायत के रूप में सिधयावाँ को 11 लाख रुपए का पुरस्कार मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया था, जिसका उपयोग अत्याधुनिक पुस्तकालय और आर. ओ. प्लांट लगाने में किया जा रहा है।
- बाराबंकी के गांवों में भी शहर की तर्ज पर विकास कार्य कराए जा रहें हैं और उन्हें मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। यही वह है की इस गांव का चयन मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए हुआ और सीएम योगी ने ग्राम प्रधान को पुरस्कृत कर इनके कार्यों की तारीफ की।
- आरसीसी व इंटरलॉकिंग युक्त सड़कें, चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे, बच्चों को सुंदर परिवेश देने के लिए चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, सोलर लाइट, घरों में जलापूर्ति के लिए बनाई गई टंकी, कायाकल्प युक्त विद्यालय, ग्राम सचिवालय की स्वच्छता व सुंदरता और 1 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से बन रहा ज़िले का सबसे बड़ा अमृत सरोवर यहाँ के विकास की कहानी बयाँ कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gram-panchayat-sidhyawan-of-barabanki-honoured-by-international-standards-organization